**लोकसभा अध्यक्ष ने विश्व पर्यावरण दिवस पर संसद परिसर में रुद्राक्ष का पौधा लगाया**

...

**नयी दिल्ली; 5 जून, 2023:** लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संसद परिसर में रुद्राक्ष का पौधा लगाया।

इससे पहले श्री बिरला ने अपने ट्विटर संदेश में कहा है कि जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौतियों के बीच विश्व पर्यावरण दिवस हमें याद दिलाता है कि प्रकृति के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। आज के दिन हम जल, जंगल, जमीन को सहेजते हुए पर्यावरण की रक्षा, हर तरह के प्रदूषण को दूर करने और प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का संकल्प दोहराएं।